पंजाब केसरी
WED, 15 APRIL 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

महापुरुषों की जयंती पर अवकाश नहीं, जागरूकता और सेवा का संदेश : कुलगुरु

पौधारोपण करते हुए कुलगुरु।

जींद, 14 अप्रैल (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 3 दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन पौधारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उनके साथ डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. नरेश देसवाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अतुल सहारण, डॉ. वीरेंद्र आचार्य, डॉ. अनिल कुमार, सुरेश कुमार (पी.एस. टू वी.सी.) तथा सुरेंद्र खर्ब सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कुलगुरु ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि यह हमारी सामाजिक, नैतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी है। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर के महान विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों ने समाज में समानता, शिक्षा, सामाजिक न्याय और जागरूकता का जो प्रकाश फैलाया, वह आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महापुरुषों के जन्मदिवस केवल अवकाश के रूप में मनाने तक सीमित नहीं रहने चाहिएं, बल्कि उनके जीवन, संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज हित में सार्थक कार्य करने चाहिएं। ऐसे अवसरों पर हमें जागरूकता फैलाने, समाज को जोड़ने और सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिएं। कुलगुरु प्रो. सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए, क्योंकि वृक्ष ही हमारे जीवन का आधार हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ का आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश सिहमार ने बताया कि इस 3 दिवसीय आयोजन का उद्देश्य महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में पर्यावरण प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों और कर्मचारियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं और सभी को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 15-04-2026

पौधारोपण कर जागरूकता और सेवा का दिया संदेश

जींद| सीआरएसयू में महापुरुषों की जयंती पर जागरूकता और सेवा का अनूठा संदेश दिया गया। वीसी प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन पौधारोपण किया गया।

इस दौरान प्रो. सैनी सहित कई प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वीसी ने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल अवकाश तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना जरूरी है।

उन्होंने विद्यार्थियों से हर साल कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

अमर उजाला

Date-15-04-2026

सीआरएसयू में किया पौधरोपण

सीआरएसयू में पौधरोपण करते कुलपति प्रो.रामपाल सैनी और अन्य। संवाद

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया।

कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके साथ डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. नरेश देसवाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अतुल सहारण, डॉ. वीरेंद्र आचार्य, डॉ. अनिल कुमार, सुरेश और सुरेंद्र मौजूद रहे। संवाद